सेल्स व मार्केटिंग वालों ने मारी बाजी

आईआईएम, रांची में हुआ फाइनल प्लेसमेंट, बेहतरीन ऑफर से स्टूडेंट्स में खुशी की लहर

इस सत्र में कुल 502 छात्र एमबीए और एमबीए एचआर के थे

इस बार 155 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट के लिए कैंपस पहुंचीं

RANCHI (16 Feb.) : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), रांची का 2021-2023 बैच के छात्रों का फाइनल प्लेसमेंट हो गया है. आईआईएम ने फाइनल

i GOOD NEWS

प्लेसमेंट की रिपोर्ट जारी कर दी है. इस सत्र में कुल 502 छात्रों में एमबीए और एमबीए एचआर के छात्र थे. इस बार कैंपस में 155 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट के लिए पहुंचीं. इस बार चालीस फीसदी स्टूडेंट्स केवल सेल्स और एचआर से विभिन्न कंपनियों में रिक्रूट हुए हैं.

फाइनल प्लेसमेंट के बाद खूब मना जश्न.

यह कंपनियां पहुंची कैंपस

आईआईएम रांची में सत्र 2021-2023 के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कई बड़ी कंपनियां पहुंची थी. अमेरिकन एक्सप्रेस, जेपी मार्गन, एचएसबीसी, ईवाई इंडिया, एक्सेंचर, डेलाइट, टाट स्टील, यस बैंक, माइक्रोसॉफ्ट, एशियन पेंट्स, इमामी एग्रोटेक, एचसीएल, हीरो मोटोकार्प, एचआरबीसी, इंडिगो पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियां इस बार कैंपस पहुंची थीं.

समर प्लेसमेंट में भी मिला ऑफर

आईआईएम रांची के समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट 2023 में भी छात्रों को कई कंपनियों ने जॉब ऑफर किया है. इसमें कई ऐसे छात्रों का चयन भी किया गया है, जिनको समर प्लेसमेंट में कंपनियों ने जॉब ऑफर किया था. अब जब फाइनल प्लेसमेंट हुआ, तो ऐसी कंपनी ने छात्र को परमानेंट अपनी कंपनी में जॉब का ऑफर दिया है.

सेल्स एंड मार्केटिंग में बंपर नौकरी

इस कैंपस में प्लेसमेंट के लिए जितनी भी कंपनियां पहुंचीं, अधिकतर कंपनियों ने सेल्स एंड मार्केटिंग के छात्रों को रिक्रूट किया. 40 प्रतिशत से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में हुआ. इसके अलावे 20 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट फाइनेंस में, 20 प्रतिशत का आईटी एंड एनालिटिक्स में, 16 प्रतिशत का ऑपरेशन एंड जनरल मैनेजमेंट में और 9 प्रतिशत का स्ट्रेटजी एंड कंसलटेशन में हुआ है.

पिछले साल से बेहतर ऑफर

आईआईएम, रांची के छात्र हर साल बेहतर पैकेज हासिल कर रहे हैं. वर्ष 2020-22 में 325 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ था. 2020-22 में 32 लाख रुपए तक का पैकेज मिल चुका है. आईटी सेक्टर के क्षेत्र में विद्यार्थियों की भागीदारी दमदार रही है. आईटी सेक्टर में वर्ष 2020-22 में 32 फीसदी विद्यार्थियों का प्लेसमेंट रहा. जबकि, कंसल्टेंट के क्षेत्र में 20 फीसदी विद्यार्थियों को नौकरी मिली. वहीं, फाइनांस टेक्नोलॉजी सेक्टर में संस्थान के 6.70 फीसदी विद्यार्थियों का चयन हुआ है. आईटी सेक्टर में विद्यार्थियों को अधिकतम 32.21 लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज मिल चुका है. अगर पिछले सत्र के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019-21 में 273 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ था और अधिकतम पैकेज 29.17 लाख रुपए प्रतिवर्ष रहा था. हर साल विद्यार्थियों के पैकेज में लगातार इजाफा हो रहा है. साथ ही संस्थान में प्लेसमेंट का आंकड़ा भी बढ़ रहा है.

INext, 17.02.2023, Pg. 4